अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *24 अंक 12 * दिनांक 15-11-2017 * संपादक: स्व. हरिश बी.भागवाणी : सहसंपादक- रेशमा भागवाणी : पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9825470758

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

ASEAN समिट: गाला डिनर में ट्रम्प से मिले मोदी, फिलीपींस की नेशनल ड्रेस पहनी

मनीला.ASEAN समिट में हिस्सा लेने के लिए मोदी रविवार को फिलीपींस पहुंचे। वे यहां 3 दिन के दौरे पर हैं। यहां ASEAN की 50th एनीवर्सिरी पर एक गाला डिनर का प्रोग्राम हुआ। इस दौरान मोदी ने अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प समेत दूसरे वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात की। इनमें चीन के प्रीमियर ली केकियांग, जापान के पीएम शिंजो आबे, रूस के पीएम दिमित्री मेदवेदेव, मलेशिया के प्राइम मिनिस्टर नजीब रज्जाक भी शामिल थे। सभी लीडर्स 31st ASEAN समिट में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं।

4 महीने में ट्रम्प से मोदी की दूसरी मुलाकात

- डोनाल्ड ट्रम्प और नरेंद्र मोदी के बीच चार महीने में ये दूसरी मुलाकात है। इससे पहले वे जुलाई में जर्मनी में हुई जी20 समिट में मिले थे।
- बता दें कि नवंबर में ही ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प भी भारत में 28 से 30 नवंबर तक चलने वाली ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में हिस्सा लेंगी। मोदी जून में जब अमेरिका दौरे पर गए थे, तब उन्होंने इवांका को भारत आने का न्योता दिया था।

सभी वर्ल्ड लीडर्स ने पहनी फिलीपींस की ट्रेडिशनल पोशाक फिलीपींस के प्रेसिडेंट रोड्रिगो दुतेर्ते ने पासे सिटी के SMX कन्वेंशन सेंटर में सभी लीडर्स को रिसेप्शन दिया। यहां वर्ल्ड लीडर्स फिलीपींस की नेशनल ड्रेस बारोंग ताकालोंग पहनी। ये एक तरह की एम्ब्रॉयडेड शर्ट होती है। मोदी और ट्रम्प भी इसी पोशाक में नजर आए। गाला डिनर में मेहमानों के लिए फिलिपीनो डिशेज रखी गई थीं। इनमें फिलीपीनो स्टेक सुशी भी शामिल थी।

ट्रम्प से कल होगी मोदी की मीटिंग

- डिनर के दौरान मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने रूस के पीएम, चीन, जापान और मलेशिया के लीडर्स से भी बातचीत की।
- डोनाल्ड ट्रम्प से मोदी की बाइलेटरल मीटिंग सोमवार दोपहर एक बजे होगी। इस मीटिंग में इंडो-पैसेफिक रीजन में सिक्युरिटी इश्यूज को लेकर बातचीत की उम्मीद है।

इंडो-पैसेफिक में चीन के बढ़ते दखल पर चर्चा

- ASEAN के दौरान क्वाड्रीलेटरल (चतुष्पक्षीय) गठबंधन के प्रस्ताव को लेकर यूएस, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के ऑफिशियल्स के बीच रविवार को मीटिंग हुई। माना जा रहा है कि इस मीटिंग में इंडो-पैसेफिक रीजन में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभाव पर चिंता जाहिर की गई।
- भारत की एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री ने कहा, "चर्चा सभी के मिलेजुले नजरिए, शांति, स्थायित्व और खुशहाली को बढ़ाने और एक-दूसरे से संबंधों पर केंद्रित थी। सभी इस बात पर राजी हैं कि स्वतंत्र, खुले, खुशहाल और एकजुट इंडो-पैसेफिक रीजन के जरिए ही सभी देशों और पूरी दुनिया को लंबे समय तक फायदा होगा।"

क्या है ASEAN?

- ASEAN का फुल फॉर्म (Association of Southeast Asian Nations) है।
- इसमें अमेरिका, रूस, भारत, चीन, जापान और नॉर्थ कोरिया समेत एशिया रीजनल फोरम (एआरएफ) के 23 मेंबर हैं।
- यह ऑर्गनाइजेशन 8 अगस्त 1969 को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बनाया गया था।
- इसके फाउंडर मेंबर थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस और सिंगापुर थे।
- 1994 में आसियान ने एआरएफ बनाया, जिसका मकसद सिक्युरिटी को बढ़ावा देना था।

इराक-ईरान बॉर्डर पर 7.3 तीव्रता का भूकंप, 135 की मौत; 300 km दूर तक लगे झटके

सुलेमानिया.इराक-ईरान बॉर्डर पर रविवार रात करीब 1 बजे (इंडियन टाइम) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रिकॉर्ड की गई। भूकंप का केंद्र कुर्दिस्तान के हलाब्जा से 30 किलोमीटर दूर था, यहां से 300 किलोमीटर दूर बगदाद, कुवैत और कतर में असर देखा गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अब तक 129 लोगों की मौत हो चुकी है। कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। मलबा हटाने पर मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। ईरान की ऑफिशियल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भीषण भूकंप में उनके 67 लोगों की मौत हुई, 300 से ज्यादा के जख्मी होने की खबर है। लैंडस्लाइड के बाद कई हाईवे बंद हो चुके हैं। रेड क्रॉस की 30 टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र कुर्दिस्तान के हलाब्जा से 30 किलोमीटर दूर था। तब वहां रात के 9.20 बजे का वक्त था।

दिल्ली: एयर पॉल्यूशन 12 घंटे में दोगुना हुआ, धुंध के चलते 63 ट्रेनों पर असर

नई दिल्ली.दिल्ली में एयर पॉल्यूशन लेवल फिर इमरजेंसी लेवल पर पहुंच गया। शनिवार शाम से रविवार सुबह तक हारिकारक कणों (पीएम 2.5 और पीएम 10 पार्लिकल्स) का लेवल दोगुना बढ़ गया। राजधानी में रविवार सुबह स्मॉग की वजह से विजिविलिटी काफी कम रही। दिल्ली समेत नॉर्थ इंडिया में छाई धुंध से 63 ट्रेनों पर असर पड़ा है। दिल्ली आने वाली 34 ट्रेनें लेट और 8 कैंसल हुईं, जबकि 21 को रि-शेड्यूल किया गया है। एनसीआर के नोएडा में भी पॉल्यूशन के हालात बदतर हो चुके हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो टेम्परेचर में अचानक आई गिरावट दोबारा पॉल्यूशन बढ़ने की वजह हो सकती है। बता दें कि पिछले एक हफ्ते से देश की राजधानी जहरीले स्मॉग की चपेट में है।

दिल्ली में 12 घंटे में कैसे बढ़ा पॉल्यूशन लेवल?

- सेंट्रल एयर मॉनिटरिंग एजेंसी (SAFAR) के मुताबिक, रविवार को दिल्ली के लोधी रोड और एनसीआर के नोएडा में हानिकारक पार्टिकल्स सीवियर लेवल तक पहुंच चुका है।- लोधी रोड पर पीएम10 लेवल- 560 और पीएम 2.5 लेवल- 625 रिकॉर्ड हुआ। जबकि नोएडा में पीएम10 लेवल 551 और पीएम 2.5 लेवल 541 रहा।

- सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के मुताबिक, शनिवार शाम 5 बजे तक दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के लेवल पर 403 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शुक्रवार को इसका लेवल 468 था।

फिर पॉल्यूशन बढ़ने की क्या वजह है?

- SAFAR के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुफरान बेग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में हानिकारक धूल के कण (पॉल्यूटेंट) मौजूद हैं। जो शनिवार शाम होते-होते अचानक नीचे आ गए। फिलहाल ये कण वातावरण की अपर लेयर में नहीं जा पा रहे हैं।

- उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते जैसे हालात नहीं बनेंगे, क्योंकि एयर क्वालिटी को खराब करने वाला कोई नया पॉल्यूटेंट जैसे- पराली का धुआं और धूल के कण वातावरण में नहीं आ रहे हैं, लेकिन हालात सुधरने में करीब 1 से 2 दिन की देरी होगी।

सरकार के उपायों से पॉल्यूशन लेवल कितना सुधरा था?

- गुफरान बेग ने कहा, ''मिनिमम और मैक्सिमम टेम्परेचर में कमी आने से पाल्यूटेंट की बाउंड्री लेयर शाम 5 बजे घटकर 50 मीटर हो गई, जो सुबह 11 बजे 1600 मीटर थी। नहीं तो पिछले एक दिन से एयर क्वालिटी के आंकड़ों में सुधार आ रहा था।''

- ''राजधानी में एयर क्वालिटी सीवियर लेवल से भी बदतर हो चुकी है। हालांकि, पिछले दिनों हेल्थ इमरजेंसी डिक्लेयर करने के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत लागू हुए कंस्ट्रक्शन बैन जैसे कुछ उपायों से पॉल्यूशन लेवल 15-20% सुधर गया था।''

बदतर एयर क्वालिटी से किन्हें ज्यादा खतरा?

- मेडिकल एक्सपर्ट्स की मानें तो एयर क्वालिटी का खराब लेवल लोगों में सांस से जुड़ी लंबी बीमारियों का कारण बन सकता है। सांस और दिल के मरीजों पर इसका गंभीर असर होता है, वहीं सेहतमंद लोगों के लिए भी खतरनाक है।

दिल्ली सरकार ने क्यों वापस लिया ऑड-ईवन?

- गैस चैंबर बनी दिल्ली को ऑड-ईवन से 7% और हेलिकॉप्टर से पानी बरसाकर 80% पॉल्यूशन फ्री किया जा सकता है। ऑड-ईवन का फैसला रद्द करने के बाद दिल्ली सरकार अब आर्टीफिशियल बारिश पर चर्चा करने जा रही है। इसके लिए रविवार को बैठक बुलाई गई है।

- दिल्ली सेक्रेटेरियट के सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि वेदर डिपार्टमेंट ने अनुमान जताया है कि राजधानी में 14-15 नवंबर को बारिश होगी। इस वजह से सोमवार से सरकार ने ऑड-ईवन शुरू करने का फैसला रद्द कर दिया है। वहीं, शनिवार को एनजीटी की दो शर्तों पर एतराज जताते हुए केजरीवाल सरकार ने ऑड-ईवन टालने की बात कही थी।

कैसे होती है आर्टीफिशियल बारिश?

- डीयू में जियोग्राफी डिपार्टमेंट के हेड और इंटरनेशनल जियोग्राफिकल यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट आरबी सिंह ने बताया, ''अगर कृत्रिम बारिश करानी है तो इसके लिए हवाई जहाज चाहिए होते हैं। इनमें सिल्वर आयोडाइज या कैल्शियम क्लोराइड भरकर खास इक्विपमेंट्स की मदद से बादलों के ऊपर स्प्रे कराना होता है। इससे भूतल से करीब एक से दो किलोमीटर ऊंचाई पर मौजूद बादलों को आइस क्रिस्टल में तब्दील किया जाता है। बादलों में मौजूद वाष्प के कण बारिश बनकर बरसने लगते हैं।'

धोनी टी-20 में 3 साल से कर रहे हैं बेस्ट बैटिंग, एवरेज-स्ट्राइक रेट पहले से बेहतर

नई दिल्ली. न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में टीम इंडिया की जीत के बाद भी पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टीम में बने रहने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। वीवीएस लक्ष्मण समेत कई पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने टी-20 मैचों के लिए टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वहीं, टीम के मौजूदा कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री उनके पक्ष में हैं। 2019 के वर्ल्ड कप तक उन्हें टीम के लिए जरूरी मानते हैं। धोनी ने पिछले तीन साल में 33 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 140 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। हालांकि, आखिर तक टिके रहें, तो उनका स्ट्राइक रेट 125 से ज्यादा होता है।

संपादकीय

गारमेंट, टेक्सटाइल, लेदर इंडस्ट्री ने घटाया प्रोडक्शन, 1 लाख जॉब्स पर लटकी तलवार

पीएम मोदी के 500 और 1,000 रुपए के नोट बैन करने का सबसे ज्यादा बुरा असर लेबर इंटेसिव सेक्टर पर पड़ा है। इसमें गारमेंट, टेक्सटाइल, लेदर, हॉजरी और ज्वैलरी सेक्टर शामिल है। कैश क्राइसिस के कारण एसएमई सेक्टर के कारोबारियों ने प्रोडक्शन शॉर्ट टर्म के लिए कम किया है। इसका सीधा असर डेली वेज पर काम करने वाले वर्करों की नौकरियों पर पड़ा है।

टेक्सटाइल सेक्टर ने कम किया प्रोडक्शन

टेक्सटाइल सेक्टर से करीब 4 लाख डेली वेज वर्कर जुड़े हुए हैं। यहां रोजाना के वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या सबसे ज्यादा है। नोएडा में ज्योति अपैरेल्स के अनिल गुप्ता ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में टेक्सटाइल यूनिट ने प्रोडक्शन कुछ समय के लिए घटाया है क्योंकि उनका स्टॉक मार्केट में नहीं जा रहा है। रॉ मैटेरियल खरीदने के लिए पैसा नहीं है जिसके कारण प्रोडक्शन घटाया है। तिरपुर में छोटी यूनिट ने प्रोडक्शन अस्थायी तौर पर प्रोडक्शन बंद किया है।

प्रोडक्शन घटाने का असर पड़ा लेबर पर

गुप्ता ने बताया कि प्रोडक्शन घटाने का सीधा असर डेली वेज के कर्मचारियों पर पड़ा है। इन कर्मचारियों को प्रोडक्शन कम करने के कारण कुछ समय के लिए हटाया भी गया है। इन कर्मचारियों को रोजाना के काम के मुताबिक वेतन मिलता है। गुप्ता ने कहा कि मार्केट में कैश फ्लो नहीं बढ़ता तो इन कर्मचारियों की नौकरी पर लंबे समय के लिए सवालिया निशान लग जाएगा।

लेबर नहीं ले रही बैंक अकाउंट में सैलेरी

इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) के मुताबिक कुछ लेबर बैंक के जरिए डायरेक्ट पेमेंट लेने से मना कर रहे हैं। हालांकि, उनके पास बैंक अकाउंट है। उन्हें साल का 50,000 रुपए से ज्यादा खाते में दिखने का भी डर सता रहा है क्योंकि साल का 50,000 से ज्यादा खाते में दिखने से उन्हें 'गरीबी रेखा से नीचे' का स्टेटस छिन जाएगा। इससे उन्हें मिलने वाले बेनेफिट खत्म हो जाएंगे। कुछ कारणों में इस कारण भी लेबर काम छोड़ रही है।

इंडस्ट्री मिनिस्टर को भी प्रोडक्शन घटने के लिए किया आगाह

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अजय सहाय ने बताया कि कैश क्राइसिस के कारण प्रोडक्शन कम रहने के बारे में मीटिंग में मंत्री सीतारमन को बताया गया था। वहां एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और टेक्सटाइल सेक्टर की एसोसिएशन ने कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर को भी प्रोडक्शन कम रहने के लिए पहले से आगाह कर दिया है। गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर से करीब 3.2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इसमें डेली और वीकली वेज पर काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है।

प्रद्युम्न मर्डर: CBI ने आरोपी स्टूडेंट को दिया टेडी बियर, पूछा कैसे मारा था चाकू?

गुड़गांव. रेयान इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट प्रद्युम्न की हत्या के आरोपी 11वीं के स्टूडेंट को जुवेनाइल कोर्ट ने ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। इससे पहले शनिवार सुबह सीबीआई ने उसे स्कूल ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट किया। टेडी बियर देकर आरोपी से पूछा गया कि प्रद्युम्न को चाकू कैसे मारा था। सीबीआई टीम करीब 11.50 बजे आरोपी को रेयान स्कूल लेकर पहुंची।

आरोपी डमी प्रद्युम्न को लेकर बाथरूम में गया

- उनके साथ प्रद्युम्न की उम्र का एक छोटा बच्चा और गुलाबी टेडी बीयर भी था। सीबीआई टीम करीब 4 घंटे स्कूल में रही।
- आरोपी से 8 सितंबर की सुबह प्रद्युम्न की हत्या से पहले और बाद की एक्टिविटीज पर सिलसिलेवार पूछताछ की गई। इस दौरान सीबीआई टीम ने कई जगहों के बीच की दूरियां नापीं और वहां आने-जाने का टाइम नोट किया।
- आरोपी डमी प्रद्युम्न को बाथरूम में लेकर गया। वहां टेडी बियर देकर उससे पूछा कि प्रद्युम्न को चाकू कैसे मारा था और उसके बाद कहां-कहां गया था? माली, टीचर व बाकी स्टाफ को भी वहीं खड़ा किया गया, जहां वह हत्या वाले दिन खड़े थे। इनके मूवमेंट की टाइमिंग भी नोट की गई।

सीबीआई के सामने भी 3 सवाल

1) आरोपी बच्चे के पिता के मुताबिक, उनके बेटे के कपड़े पर खून के दाग क्यों नहीं थे?
2) चाकू तो कंडक्टर अशोक के पास भी मिला था?
3) सीसीटीवी फुटेज क्लीयर नहीं है?
4) सात साल के बच्चे को कोई स्टूडेंट अकेले कैसे मार सकता है?

जुवेनाइल होम भेजा गया आरोपी

- शनिवार शाम 5 बजे ही जुवेनाइल होम के सुपरिटेंडेंट को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की तरफ से इनफार्मेशन भिजवा दी गई थी कि आरोपी स्टूडेंट को फरीदाबाद भेजा जा रहा है।
- 6 बजे के आसपास आरोपी लड़के के परिवारवाले गुड़गांव के नंबर वाली कार से पहुंचे। मीडिया को जब इस बात की भनक लगी तो परिवारवाले अपनी कार वापस लेकर चले गए।
- शाम 6.20 बजे के करीब सीबीआई के डीएसपी एके बस्सी, लेडी इंस्पेक्टर, तीन अन्य इम्प्लॉइज के साथ दो अलग गाड़ियों में जुवेनाइल होम पहुंचे। मीडिया ने आरोपी से बात करने की कोशिश की, लेकिन सीबीआई उसे अंदर लेकर चली गई।
- सीबीआई और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट ने जुवेनाइल होम के सुपरिटेंडेंट को कुछ हिदायतें दी हैं, जिनके मुताबिक आरोपी की देखभाल की जाएगी।
- इनके मुताबिक ही आरोपी स्टूडेंट से मिलने का वक्त और कौन-कौन उससे मिल सकेगा, यह तय कर दिया है।

पिता का आरोप- CBI ने बेटे को टॉर्चर किया

- आरोपी के पिता का आरोप है कि ने सीबीआई टॉर्चर करके उनके बेटे से जुर्म कबूल करवाया है।
- पिता ने कहा कि 24 सितंबर को ही सीबीआई ने बेटे के लैपटॉप, कपड़े, जूते, मोबाइल फोन समेत और सामान कब्जे में ले लिया था। बेटे को बेवजह फंसाया गया है। उसने ही मर्डर की जानकारी टीचर्स को दी थी। अगर बच्चे ने मर्डर किया तो उसके कपड़ों पर खून के निशान क्यों नहीं है। चंद सेकेंड में कैसे खून कर एग्जाम देने जा सकता है। बच्चा पढ़ने में कमजोर नहीं है, ऐसे में वह एग्जाम या पीटीएम टालने के लिए मर्डर क्यों करेगा।

मामले में 3 लोग पहले हुए थे अरेस्ट

- इस मामले में पहले स्कूल के बस कंडक्टर अशोक कुमार, रेयान ग्रुप के ऑफिशियल फ्रांसिस थॉमस और जीसस थॉमस को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में फ्रांसिस और जीसस को बेल दे दी गई थी।

कब हुआ था रेयान स्कूल में मर्डर?

- गुड़गांव के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में 8 सितंबर को 7 साल के बच्चे का मर्डर कर दिया गया था। बॉडी टॉयलेट में मिली थी। इस मामले में पुलिस ने स्कूल बस के कंडक्टर अशोक कुमार को अरेस्ट किया था। आरोपी 8 महीने पहले ही स्कूल में कंडक्टर की नौकरी पर लगा था।
- अशोक ने मीडिया को बताया था, ''मेरी बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी। मैं बच्चों के टॉयलेट में था। वहां गलत काम कर रहा था। तभी वह बच्चा आ गया। उसने मुझे देख लिया। मैंने उसे पहले देखा धक्का दिया। फिर खींच लिया। वह शोर मचाने लगा तो मैं डर गया। फिर मैंने उसे दो बार चाकू से मारा। उसका गला रेत दिया।''
- बाद में सीबीआई ने जांच की। इसके बाद 11वीं के स्टूडेंट को इस मर्डर केस में आरोपी बनाया गया।

मुंबई हमले के मास्टर माइंड हाफिज को मारना चाहती है विदेशी एजेंसी: PAK

लाहौर.पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी (NCTA) ने पंजाब होम डिपार्टमेंट को एक खत लिखा है। इसमें NCTA ने कहा, "विदेशी खुफिया एजेंसी ने हाफिज सईद को मारने का प्लान बनाया है। इस एजेंसी ने एक बैन संगठन के दो मेंबर्स को सईद के कत्ल के लिए 8 करोड़ रुपए भी दिए हैं।" हालांकि, NCTA ने खत में ये नहीं बताया है कि किस देश की खुफिया एजेंसी ने हाफिज के मर्डर का प्लान बनाया है। बता दें कि हाफिज सईद जमात-उद-दावा (JuD) का चीफ है। हाफिज पिछली 30 जनवरी से पाकिस्तान के लाहौर में एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत हाउस अरेस्ट है।

हाफिज की सुरक्षा बढ़ाने के लिए खत लिखा

- NCTA ने होम डिपार्टमेंट से हाफिज की सिक्युरिटी मजबूत करने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की बात कही है। अथॉरिटी ने कहा कि पंजाब होम डिपार्टमेंट JuD चीफ की पुख्ता सुरक्षा का इंतजाम करे।

हाउस अरेस्ट की मियाद 30 दिन बढ़ी

- हाफिज सईद का हाउस अरेस्ट पिछले महीने 30 दिन के लिए बढ़ाया गया था। अब वो 26 नवंबर तक नजरबंद रहेगा।
- होम डिपार्टमेंट ने नोटिफिकेशन में कहा था, "ऐसी आशंका है कि हाफिज सईद को रिहा किए जाने पर कानून और व्यवस्था के हालात गड़बड़ हो सकते हैं।"

हाफिज पर है 65 करोड़ का ईनाम

- हाफिज सईद के संगठन JuD को 2014 में अमेरिका ने फॉरेन टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन घोषित किया था। टेररिस्ट एक्टिविटीज में उसके रोल को देखते हुए अमेरिका की सरकार ने हाफिज पर 10 मिलियन डॉलर यानी करीब 65 करोड़ रुपए का ईनाम भी रखा है।

कौन है हाफिज सईद?

- हाफिज सईद मुंबई के 26/11 के हमलों का मास्टरमाइंड है। इस हमले में 6 अमेरिकियों समेत 166 लोग मारे गए थे। भारत पाकिस्तान से उसे सौंपने की कई बार मांग कर चुका है।
- सिर्फ मुंबई ही नहीं, भारत और अफगानिस्तान में हुए कई हमलों में साफ तौर पर हाफिज सईद का हाथ रहा लेकिन पाकिस्तान इससे इनकार करता रहा।
- अमेरिका ने इंटरनेशनल टेररिस्ट की जो लिस्ट जारी की थी उसमें भी सईद का नाम था। अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम भी रखा खा। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था।

मैं सजेशंस देता हूं, PIDI ट्वीट करता है: सोशल मीडिया पॉपुलैरिटी पर बोले राहुल

गुजरात. सोशल मीडिया पर पॉपुलैरिटी बढ़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने रविवार को सफाई दी। बनासकांठा में कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि अहम मुद्दों पर वे सजेशंस देते हैं और 3-4 लोगों की Pidi टीम इस उन पर ट्वीट करती है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से राहुल के ट्विटर हैंडल 'OfficeofRG' पर बढ़ती रिट्वीट्स की काफी चर्चा हो रही है। इस पर हाल ही में एक न्यूज एजेंसी ने दावा किया था कि यह आर्टिफिशियाल ग्रोथ है। इसके लिए बोट्स नाम के ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ।

'पॉलिटिकल मुद्दे पर मेरी थिंकिंग होती है'

- राहुल ने गुजरात के बनासकांठा में रविवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के सवालों के जवाब दिए।
- राहुल की सोशल मीडिया पर बढ़ती पॉपुलैरिटी के सवाल पर उन्होंने कहा, "मैंने बताया कि Pidi ट्वीट करता है। देखिए एक्चुअली जो भी कुछ कहना होता है नॉर्मली उसके बारे में अच्छी तरह सोचा जाए तो तीन-चार-पांच शब्दों में कहा जा सकता है। थोड़ा रिफ्लेक्ट करके मैं सजेशन देता हूं फिर उसकी फाइन ट्यूनिंग करके हम ट्वीट करते हैं। जनरली मेरे ट्विटर पर जो वेस्ट विशेज होती हैं, जो रुटीन काम होता है उसको मैं नहीं करता हूं। जैसे- किसी का जन्मदिन हुआ। आडवाणी जी का जन्मदिन हुआ तो जन्मदिन मुबारक हमारा ऑफिस करता है। मैं थोड़ा सा इनपुट देता हूं। लेकिन जो पॉलिटिकल इश्यूज हैं उन पर जनरली मेरी थिंकिंग होती है।"

डोनाल्ड ट्रम्प के ट्वीट को किया था रिट्वीट

- न्यूज एजेंसी एएनआई ने राहुल की सोशल मीडिया पर बढ़ती पापुलैरिटी को लेकर बकायदा उन सभी ट्वीट का हवाला दिया था, जिन्हें देश के बाहर से रिट्वीट किया गया था। इसके बताया गया कि 15 अक्टूबर को राहुल ने अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के एक ट्वीट को रिट्वीट किया था। इस पर उन्होंने लिखा था- "मोदी जी जल्दी करें, ऐसा लगता है कि प्रेसिडेंट ट्रम्प को एक बार फिर से गले लगाना होगा।" यह ट्वीट फौरन 20 हजार बार रिट्वीट हो गया और अभी इसे 30 हजार बार रिट्वीट किया जा चुका है।

रिट्वीट्स पर क्या था एजेंसी का एनालिसिस?

- एजेंसी ने एनालिसिस कर बताया कि राहुल गांधी के ट्वीट बोट्स नाम के एक सॉफ्टवेयर के जरिए रूस, कजाख या इंडोनेशिया से रिट्वीट किए गए थे। इन ट्विटर एकाउंट्स से आगे पता चला कि फॉलोअर लिस्ट में 10 यूजर थे और राहुल गांधी के उन ट्वीट को रिट्वीट किया गया था जिनमें उन्होंने दुनिया से जुड़े मुद्दों को उठाया था।

स्पोर्ट्स में इसे डोपिंग कहते हैं: खेल मंत्री

- केंद्रीय खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने राहुल के ट्विटर फॉलोअर्स को लेकर ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, ''स्पोर्ट्स में यह डोपिंग के अंदर आता है... सोचिए क्या डोप आपको किसी की याद दिलाता है?''

स्मृति ने कहा था- क्या राहुल रूस से चुनाव लड़ेंगे?

- सोशल मीडिया पर राहुल की बढ़ती पॉपुलैरिटी पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तंज कसा था।
- उन्होंने ट्वीट किया था, "क्या राहुल गांधी रशिया, इंडोनेशिया और कजाखस्तान से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं?

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 12वा परिचय सम्मलेन

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर द्वारा आयोजित समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए योग्य जीवन साथी के चयन हेतु अवं उनकी समस्योओं के निराकरण बाबत अनेक अभिभावकों का 12वा परिचय सम्मलेन रविवार, दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को सुबह 10 बजे से सायं ५ बजे तक – स्थान "संत कंवरराम भवन" जय श्री राम अपार्टमेंट के पास, इ-ब्लाक, सेक्टर नंबर : १४, उदयपुर, राजस्थान.

अधिक जानकारी आप वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं.

http://www.sindhibandhu.com/sindhi-matrimonial-meet-2017/

दिल्ली में डीजल गाड़ियां-थर्मल पॉवर प्लान्ट बंद हों: पॉल्यूशन कंट्रोल अथॉरिटी

नई दिल्ली.एनवॉयरनमेंट पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल अथॉरिटी (EPCA) ने दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते पाल्यूशन से निपटने के लिए डीजल गाड़ियों और थर्मल पॉवर प्लान्ट टेम्परेरी तौर पर बंद करने का सुझाव दिया है। यह सुझाव ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत दिए गए हैं। बता दें कि दिल्ली और एनसीआर में इन दिनों स्मॉग की वजह से हालात काफी खराब हैं। मेडिकल बॉडीज लोगों को हेल्थ एडवाइजरी भी जारी कर चुकी हैं।

सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी

- EPCA का गठन सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर पर ही किया गया है। उसने सोमवार को अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। पॉल्यूशन कंट्रोल अथॉरिटी ने पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए कई रिकमंडेशंस की हैं।
- EPCA ने कहा है कि सभी गाड़ियों पर ऐसे स्टिकर लगाए जाने चाहिए जिन पर उस गाड़ी के फ्यूल टाइप और उसकी उम्र (यानी गाड़ी कितनी पुरानी है) जैसी जानकारियां हों। इनमें से भी कुछ खास तरह की गाड़ियों को सड़कों से हटाया जाना चाहिए। EPCA ने यह रिकमंडेशंस जीआरएपी लागू करने के लिहाज से दी हैं।

पराली स्मॉग की इकलौती वजह नहीं

- पॉल्यूशन और स्मॉग से निपटने के सुझाव देने के साथ ही EPCA ने ये भी साफ कर दिया है कि पंजाब और हरियाणा के खेतों में जलाई जाने वाली पराली ही हालात बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार नहीं है। बल्कि कुछ और भी ऐसी वजहें हैं जिनकी वजह से सर्दियों में दिल्ली और एनसीआर में पॉल्यूशन लेवल ज्यादा बढ़ जाता है।
- EPCA ने कहा- इसलिए, इमरजेंसी को देखते हुए कुछ दूसरे कदम भी उठाए जाने चाहिए। कोयले से चलने वाले थर्मल पॉवर प्लान्ट और ऐसी ही इंडस्ट्रीज बंद कर देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट पहले ही फर्नेस ऑयल प्लान्ट्स को बंद करने का आदेश दे चुका है।

डीजल गाड़ियों पर क्या कहा?

- EPCA ने कहा- डीजल से चलने वाली गाड़ियों को बैन किया जाना चाहिए। या इन पर पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट) स्टिकर लगाए जाने चाहिए। इससे ये पता लगेगा कि खतरा किस हद या कैटेगरी का है। इसी आधार पर इन गाड़ियों को रोका जा सकता है।
- अथॉरिटी के मुताबिक, इसमें सभी संबंधित मिनिस्ट्रीज का दखल होना चाहिए ताकि स्टिकर के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ ना की जा सके। ये सभी सुझाव EPCA ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी अपनी में दिए हैं।

वेदर फोरकास्ट पर क्या कहा? - EPCA ने मौसम के पूर्वानुमान (eather forecast) को लेकर भी सुझाव दिए हैं। पॉल्यूशन अथॉरिटी ने कहा है कि मौसम विभाग को वेदर एक्सपर्ट्स की मदद से ज्यादा बेहतर वेदर फोरकास्ट करनी चाहिए। उसने कहा है कि 6 नवंबर की शाम तक अथॉरिटीज को पता ही नहीं था कि अगली सुबह पॉल्यूशन और स्मॉग की वजह से हालात खतरनाक हो जाएगें।

पैसेंजर्स को ईमानदारी से फ्लाइट डिले होने की जानकारी दें एयरलाइन्स: सिन्हा

नई दिल्ली.यूनियन मिनिस्टर जयंत सिन्हा ने रविवार को एक ट्वीट के जरिए एयरलाइन कंपनियों से कहा कि वो पैसेंजर्स को लगातार और पूरी ईमानदारी से फ्लाइट के लेट या डिले होने की जानकारी दें। दरअसल, सिन्हा को एक ऑनबोर्ड पैसेंजर ने ट्वीट कर फ्लाइट के डिले होने की शिकायत की थी। इसके बाद सिन्हा ने ट्वीट कर एयरलाइन्स कंपनियों को पैसेंजर्स से कम्युनिकेट करने को कहा। सिन्हा एविएशन मिनिस्ट्री में राज्यमंत्री हैं।

पैसेंजर की क्या थी शिकायत?

- पारुल के. गुप्ता नाम की एक पैसेंजर ने जयंत सिन्हा को यह ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- सर मैं जेट एयरवेज की फ्लाइट में एक घंटे 15 मिनट से हूं। इसका शेड्यूल टाइम ऑफ डिपार्चर 1.25 बजे है। अब 2 बजकर 47 मिनट हो रहे हैं। मैंने क्रू और कस्टमर केयर से भी बात की। लेकिन, इनमें से कोई भी नहीं जानता कि प्लेन कब तक टेक ऑफ करेगा। आजकल एयरलाइन्स कैसे काम कर रही हैं।
- पारुल की फ्लाइट नई दिल्ली से ढाका 5.52 पर पहुंची। अपने तय वक्त से करीब दो घंटे लेट।

सिन्हा ने क्या कहा?

- सिन्हा ने अपने ट्वीट में लिखा- जेट एयरवेज, एयर इंडिया, गो एयर, इंडिगो, स्पाइस जेट, एयर एशिया और दूसरी एयर लाइन्स को फ्लाइट के डिले होने पर अपने पैसेंजर्स से लगातार और ईमानदारी से कम्युनिकेट करना चाहिए।

हाल ही में पैसेंजर से मारपीट का वीडियो सामने आया था

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया